कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, छठा तल, जवाहर भवन, लखनऊ।

संख्या–एम0ई0–3/2017/261 लखनऊः दिनांक 11 मई 2017

नीट पी0जी0 2017 यू0पी0 ऑनलाईन काउंसिलिंग के द्वितीय चक के सम्बन्ध में अति आवश्यक सूचना

नीट पी0जी0 2017 यू0पी0 ऑनलाईन काउंसिलिंग के द्वितीय चक में च्वाईस फिलिंग की कार्यवाही दिनांक 13 मई 2017 से 17 मई 2017 तक वेबसाईट https://upneet.gov.in पर सम्पन्न की जायेगी। नीट पी0जी0 2017 के ऐसे अभ्यर्थी, जो उत्तर प्रदेश की स्टेट मेरिट सूची में सम्मिलित है, द्वितीय चक की काउंसिलिग हेतु अर्ह होंगे। प्रथम काउंसिलिंग से आवंटित ऐसे छात्र, जो अपनी आवंटित सीट से पुनरावंटन (Reshuffle) हेतु इच्छुक हैं, द्वितीय चक की काउंसिलिंग के माध्यम से कर सकते हैं।

अल्पसंख्यक श्रेणी के अभ्यर्थियों से अपेक्षित है कि वह अपना विकल्प प्रस्तुत (Choice Filling) करते समय इच्छित कालेज/संस्थान/विश्वविद्यालय की अल्पसंख्यक (Minority) सीट तथा ओपेन सीट (Non Minority/Unreserved) दोनों सीटों हेतु अपना विकल्प प्रस्तुत कर सकते हैं।

द्वितीय चक की काउंसिलिंग में च्वाईस फिलिंग के समय प्रदर्शित होने वाली सीटों में उन छात्रों की सीटें भी सम्मिलित होंगी, जो प्रथम काउंसिलिंग के माध्यम से किसी कालेज में प्रवेशित हैं। प्रथम चक की काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेशित इन छात्रों को द्वितीय काउंसिलिंग से कोई नई सीट आवंटित होने की दशा में ही रिक्त होने वाली सीट अन्य अर्ह अभ्यर्थी को आवंटित की जायेंगी। प्रथम चक की काउंसिलिंग से प्रवेशित छात्रों को द्वितीय काउंसिलिंग से इच्छित सीट प्राप्त न होने की दशा में उनका पूर्व आवंटित कालेज की सीट पर प्रवेश यथावत बना रहेगा।

द्वितीय चक की ऑनलाईन काउंसिलिंग से आवंटित छात्रों का परिणाम दिनांक 19 मई 2017 को वेबसाईट https://upneet.gov.in पर प्रदर्शित किया जायेगा, तथा **आवंटन पत्र दिनांक 20 मई 2017 से 24 मई 2017 तक डाउनलोड किये जा सकते हैं।**

काउंसिलिंग के सम्बन्ध में अन्य आवश्यक सूचनायें वेबसाईट https://upneet.gov.in तथा www.updgme.in पर प्रदर्शित की जायेंगी।

महानिदेशक

संख्या–एम0ई0–3/2017/ तद्दिनांक